अराम्बम तोमबीनौ देबी

अकादेमी पुरस्कारः नृत्य के लिए संगीत

ARAMBAM TOMBINOU DEVI

Akademi Award: Music for Dance

इम्फाल के खुरई नंदेईबम लेइकाई में 5 फरवरी 1958 को जन्मी, श्रीमती अराम्बम तोमबीनौ देबी ने नृत्य और संगीत का प्रारम्भिक प्रशिक्षण अपने पिता अराम्बम बीरचंद्र सिंह से प्राप्त किया। बाद में, आपने खंगेम्बम गुलापी सिंह, सगोलशेम कालीदमन सिंह, और युमलेम्बम गंभिनी देवी जैसे दिग्गज गुरुओं के संरक्षण में नट संकीर्तन का उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त किया। आपने पुयम मुक्तरेई देवी, क्षेत्रीतोम्बी देवी और मोंग्जाम सुबदनी देवी जैसे गुरुओं के सानिध्य में रास लीला और अन्य लीला नृत्यों के लिए संगीत रचना का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। आपने जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य एकेडमी (जेएनएमडीए), इम्फाल में मणिपुरी नृत्य का अध्ययन किया है और रास में स्नातकोत्तर डिप्लोमा की डिग्री प्राप्त की है।

श्रीमती अराम्बम तोमबीनौ देबी ने संगीत नाटक अकादेमी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों सहित देश–विदेश में आयोजित कई प्रतिष्ठित समारोहों में अपनी प्रस्तुतियाँ दी है। आपने अमेरिका, कनाडा, मैक्सिको, इंग्लैंड, तत्कालीन सोवियत रूस, चीन, उत्तर कोरिया, फ्रांस, जापान और तुर्की की यात्राएँ की है। कई वर्षों तक जेएनएमडीए में नृत्य संगीत (सूत्र) पढ़ाने के बाद वर्ष 2018 में प्रधान गुरु के पद से आप सेवानिवृत्त हुई हैं।

आपको मणिपुर साहित्य परिषद द्वारा स्वर्ण पदक (1998) और मणिपुर राज्य कला अकादमी पुरस्कार (2003) से सम्मानित किया गया है।

श्रीमती अराम्बम तोमबीनौ देबी को नृत्य के लिए संगीत में योगदान के लिए वर्ष 2020 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 5 February 1958 in Khurai Nandeibam Leikai, Imphal, Shrimati Arambam Tombinou Devi received her initial training in dance and music under her father, Arambam Birachandra Singh. Later, she received her advanced training in Nata Sankritana under stalwart gurus such as Khangembam Gulapi Singh, Sagolshem Kalidamon Singh, and Yumlembam Gambhini Devi. She has received training in the music for dance such as Ras Leela and other Leelas under Puyam Muktarei Devi, Kshetritombi Devi and Mongjam Subadani Devi. She has also studied Manipuri dance at the Jawaharlal Nehru Manipur Dance Academy (JNMDA), Imphal and completed postgraduate diploma in Raas.

Shrimati Arambam Tombinou has performed extensively within the country and abroad in many prestigious festivals including the events organized by the Sangeet Natak Akademi. She has travelled to the U.S.A., Canada, Mexico, U.K., erstwhile U.S.S.R., China, North Korea, France, Japan and Turkey. Shrimati Tombinou Devi has imparted training in dance music (sutra) at JNMDA for several years and retired as Pradhan Guru in 2018.

Shrimati Arambam Tombinou Devi has been honoured with a Gold medal by Manipur Sahitya Parisad (1998), and has received the Manipur State Kala Akademi Award (2003).

Shrimati Arambam Tombinou Devi receives the Sangeet Natak Akademi award for the year 2020 for her contribution to dance music.